रोहतक
मंगलवार 7 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 34.3
न्यून. 13.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com







### धमकी भरा मेल मिला ▶▶ लिखा-स्कूलों को भी निशाना बनाएंगे

# मुख्यमंत्री नायब सैनी और भगवंत मान को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। चंडीगढ़ के स्कूलों को सोमवार सुबह मिले मेल में ये धमकी दी गई। मेल में लिखा- सीएम सैनी चंडीगढ़ में रहिंदे ने, बम धमाके-ग्रेनेड हमले चलते रहेंगे। इसी के साथ कहा गया कि हम चंडीगढ़ और पंजाब के कई स्कूलों को सोमवार को निशाना बनाएंगे। यहां बता दें कि एक अप्रैल को चंडीगढ़ में भाजपा मुख्यालय पर ग्रेनेड हमला हुआ था। ईमेल में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें लिखा था कि अपने बच्चों को बचाओ। धमकी मिलने के बाद पंजाब और हरियाणा का प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें बम स्क्वॉयड और डॉग स्क्वॉयड के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने स्कूल परिसरों की गहन जांच शुरू की।

**खास बातें**

- ईमेल में लिखा स्कूलों में 1:11 बजे और मेयर ऑफिस में 2:11 बजे बम फटेगा
- नेशनल खालिस्तान आर्मी का पता लिखा
- गुरनाख सिंह, रुकनशाह वाला डॉ. गुरनिरबैर सिंह और खान राजादा के नाम लिखे
- प्रशासन में मचा हड़कंप, बम स्क्वॉयड टीमों ने की जांच



#### ईमेल में ये बातें

धमकी वाली ईमेल में लिखा है- 'चंडीगढ़ के स्कूलों में बम ब्लास्ट होगा। अपने बच्चे बचाओ। पंजाब अब खालिस्तान बनेगा। चंडीगढ़ में सीएम सैनी रहिंदे, जदों तक नहीं ठोकदे, बम धमाके-ग्रेनेड हमले चलते रहेंगे। स्कूलों में 1.11 बजे और 2.11 बजे मेयर ऑफिस में भी बम फटेगा।' ईमेल में आगे लिखा है- खालिस्तान वाले बच्चों के खिलाफ नहीं। हिंदुस्तान की मोदी सरकार को तबाह करेंगे। खालिस्तान वोटों से या बम से। ईमेल पर भेजने वाले ने खालिस्तान नेशनल आर्मी का पता लिखा है। इसके नीचे इंजीनियर गुरनाख सिंह, रुकनशाह वाला, डॉ. गुरनिरबैर सिंह और खान राजादा का नाम लिखा है।

#### पहले भी मिली थी धमकी

10 मार्च को 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' की ओर से भी सीएम सैनी को जान से मारने की सीधी धमकी मिली। तब गुरुग्राम के कई बड़े स्कूलों को भेजे गए एक ईमेल में मुख्यमंत्री को निशाना बनाने के साथ-साथ शहर के स्कूलों और ट्रेनों को बम से उड़ाने का अल्टीमेटम दिया गया। मेल में लिखा-मुख्यमंत्री के पास 'एक मौका' है, यदि उन्होंने हरियाणा विधानसभा में खालिस्तान रेफरेंडम का समर्थन नहीं किया या पंजाब के साथ जुड़ने का विरोध किया, तो उनकी जिंदगी खत्म कर दी जाएगी।

### सुरक्षा में बड़ी चूक

## दिल्ली विधानसभा में घुसी कार नकाबपोश गुलदस्ता रख फरार

**नकाबपोश ड्राइवर समेत 3 हिरासत में**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है।

**राजधानी में हाईअलर्ट**

दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत रहने वाला सरबजीत है। पुलिस ने टाटा सिएरा कार भी बरामद की है। हाल ही में विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिली थीं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते समेत कई पुलिस दल मौके पर पहुंचे और किसी भी खतरे की आशंका को समाप्त करने के लिए इलाके की गहन छानबीन की। उन्होंने कहा कि राजधानी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# एक रात में ही खत्म कर सकते हैं ईरान को : ट्रंप

### अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी- ये रात कल भी हो सकती है, हम कम समय में बड़ा नुकसान करने में सक्षम



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान जंग को लेकर सोमवार रात (भारतीय समय के मुताबिक) प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की जंग अच्छी चल रही है। अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक ही रात में खत्म कर सकता है। अगर जरूरत पड़ी तो वह रात कल भी हो सकती है। ट्रम्प ने ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट को बचाने वाले ऑपरेशन को 'ऐतिहासिक' बताया। उन्होंने कहा, "मैंने अमेरिकी सेना को आदेश दिया था कि हमारे बहादुर सैनिकों को सुरक्षित घर लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह किया जाए।" उन्होंने कहा, "यह बहुत जोखिम भरा फैसला था, क्योंकि हमने 1-2 पायलट को निकालने के लिए 100 जान को दांव पर लगा दिया था। *(पैकेज पेज-8 पर)*

#### पायलट को बचाने वाला ऑपरेशन ऐतिहासिक

**ईरान को धमकी-** अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक ही रात में खत्म कर सकता है। अगर जरूरत पड़ी, तो यह कार्रवाई कल रात भी हो सकती है। अभी युद्ध अमेरिका के मुताबिक चल रहा है।

**रेस्क्यू ऑपरेशन-** ईरान में फंसे सैनिक को बचाने के लिए अमेरिका ने 155 सैन्य विमानों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था। इसमें फाइटर जेट, बॉम्बर्स और रेस्क्यू प्लेन शामिल थे।

**ईरान में हजारों हमले किए-** अब तक अमेरिका ने ईरान के 13,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है और पिछले 37 दिनों में 10,000 से ज्यादा बार लड़ाकू उड़ानें भरी हैं।

**खबर लीक करने वाले को धमकी-** जिस इंसान ने मीडिया में ईरान में फंसे दूसरे पायलट के बारे में खबर लीक की है उसे ढूंढा जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो मीडिया कंपनी पर भी कार्रवाई हो सकती है।

**अमेरिकी विमान गिरने की बात मानी-** ट्रम्प ने माना कि ईरान ने एक अमेरिकी एफ-15 विमान गिराया था, लेकिन यह दुश्मन की किस्मत थी यानी ये सिर्फ एक लकी हिट थी।

#### ईरान ने अमेरिका का सीजफायर प्रस्ताव ठुकराया

ईरान ने अमेरिका की तरफ से आए नए सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। तेहरान ने कहा है कि वह अस्थायी युद्धविराम नहीं, बल्कि युद्ध का पूरी तरह और हमेशा के लिए खात्मा चाहता है। ईरान ने अपना जवाब पाकिस्तान के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया है, जो इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

#### ईरान के पेट्रोकेमिकल प्लांट पर इजराइल का हमला

इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के असालुयेह में बने सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल प्लांट पर हमला किया है। इजराइल के मुताबिक, इस प्लांट ईरान का करीब 50% पेट्रोकेमिकल प्रोडक्शन होता था। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी एक और बड़े प्लांट को निशाना बनाया गया था। अब इन दोनों हमलों के बाद ईरान के ज्यादातर पेट्रोकेमिकल प्लांट काम नहीं कर रहे हैं। इन हमलों से ईरान को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और इससे उसके सैन्य खर्च पर भी असर पड़ेगा। इजराइल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

## खबर संक्षेप

### बॉर्डर घुसपैठ : सांप और मगरमच्छ का इस्तेमाल कर सकती है बीएसएफ

**नई दिल्ली।** बीएसएफ बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए मगरमच्छों और सांपों का इस्तेमाल कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 मार्च को गृह मंत्रालय ने बीएसएफ मुख्यालय को ऑपरेशनल स्तर पर सरीसृपों (मगरमच्छ और सांप) के इस्तेमाल पर विचार करने का आदेश दिया है। भारत-बांग्लादेश की 4,096 किमी लंबी सीमा में लगभग 175 किमी हिस्सा नदी और दलदली क्षेत्र में आता है। इन इलाकों में फेंसिंग लगाना मुश्किल होता है। *एजेंसी*

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव पर 12 मार्च को 193 विपक्षी सांसदों (लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63) ने साइन किए थे। कानूनी और संवैधानिक पहलुओं पर विचार के बाद स्पीकर बिरला और राधाकृष्णन ने इसे न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3 के तहत मंजूरी नहीं दी। *एजेंसी*

### जग्गी हत्याकांड : अमित जोगी को उम्रकैद की सजा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि जब सभी आरोपियों पर एक ही अपराध में शामिल होने का आरोप हो, तो किसी एक आरोपी के साथ जानबूझकर अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। 4 जून 2003 को राजधानी रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। *(विस्तृत पेज-5 पर)*

### हथगोलों पर पाक की मुहर

## आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 पकड़े

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सरबजीत सिंह (तरन तारन के अम्मीशाह गांव निवासी), बिक्रमजीत सिंह (अमृतसर के नांगल पन्नुवां गांव निवासी) और अमनदीप सिंह (अमृतसर की इंदिरा कॉलोनी निवासी) के रूप में की गई है। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आईएसआई द्वारा समर्थित मॉड्यूल कई राज्यों में पुलिस प्रतिष्ठानों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाने में शामिल था जिसे अब सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया है।

**कई जगहों को निशाना बनाने की थी साजिश**

### पिता-पुत्र की हिरासत में मौत

## तमिलनाडु के 9 पुलिस कर्मियों को फांसी की सजा

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपये मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई। दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे।

**लॉकडाउन में दुकान खोलने पर ले गए थे थाने दी थी यातना**

## पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को क्राइम केस करने होंगे सार्वजनिक

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** राज्य चुनाव आयोग हरियाणा द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्देशानुसार यदि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज एवं लंबित हैं या जिन मामलों में उन्हें पहले दोषी ठहराया गया हैं, उन्हें ऐसे मामलों के बारे में कम से कम एक हिंदी और एक इंग्लिश सहित दो अखबारों में एक घोषणा प्रकाशित करनी होगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नगर पालिकाओं के चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को पहले ही ऐसे उम्मीदवारों को खड़ा करने वाले राजनीतिक दलों को निर्देश जारी किए थे, जिनके खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज एवं लंबित हैं या जिन मामलों में उन्हें पहले दोषी ठहराया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य में अब यह घोषणा प्ररुप 1-क में उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख के अगले दिन से और मतदान की तारीख से दो दिन पहले तक कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाई जानी होगी।

**जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी जानकारी**

#### राजनीतिक दलों को मानने होंगे नियम

उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किए गए अपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के मामले में, चाहे वे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दल हो, ऐसे उम्मीदवारों को घोषणा करनी होगी कि उन्होंने इस बारे अपने सम्बन्धित राजनीतिक दल को भी अवगत करवा दिया है।

#### देनी होगी रिपोर्ट

राजनीतिक दल जो अपराधिक मामले वाले उम्मीदवार खड़े करते हैं, उन्हें संबंधित उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को इससे जुड़ी रिपोर्ट देनी होगी।

## प्रदेश में एससी आरक्षण लागू करने पर सख्ती

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण नीति का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी प्रशासनिक विभागों, बोर्डों, निगमों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ग्रुप 'ए' और 'बी' पदों के लिए रोस्टर रजिस्टर तैयार करने, अद्यतन करने और सत्यापित कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार सभी विभागों को सटीक और अद्यतन रोस्टर रजिस्टर कायम रखने तथा उसे अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से विधिवत सत्यापित कराने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि 7 अक्टूबर, 2023 को जारी निर्देशों के तहत ग्रुप 'ए' और 'बी' श्रेणियों में अनुसूचित जाति कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ प्रदान किया गया था। यह भी स्पष्ट किया गया है कि 15 जुलाई, 2014 के दिशा निर्देशों के अनुसार निर्धारित रोस्टर बिंदु यथावत लागू रहेंगे और यह प्रावधान सीधी भर्ती तथा पदोन्नति, दोनों पर समान रूप से लागू होगा।

**सभी विभागों को निर्देश, रोस्टर रजिस्टर सत्यापित करें**

## बिना एड्रेस प्रूफ मिलेगा 5 किलो वाला सिलेंडर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन की दिक्कतों के बीच केंद्र सरकार ने 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की बिक्री के नियमों को आसान बना दिया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना किसी एड्रेस प्रूफ के छोटा गैस सिलेंडर खरीद सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, यह कदम प्रवासी मजदूरों और उन लोगों के लिए उठाया गया है, जिनके पास शहर में कोई स्थायी पता नहीं है। अब ग्राहकों को ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर सिर्फ अपनी कोई भी एक फोटो-आईडी दिखानी होगी और वे तुरंत सिलेंडर ले सकेंगे। मंत्रालय ने साफ किया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के लिए अब बहुत सारे डॉक्यूमेंट्स की जरूरत नहीं है। ग्राहक आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे डॉक्यूमेंट दिखाकर सिलेंडर ले सकते हैं। आप साल में जितनी बार चाहें, उतनी बार इसे रिफिल करवा सकते हैं।




आधार-पैन जैसी सिर्फ एक फोटो आईडी दिखानी होगी, स्टूडेंट्स और प्रवासी मजदूरों को मिलेगी राहत

## देश के 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, ओले भी गिरेंगे

# उत्तराखंड में बर्फबारी, सिक्किम में भूस्खलन 1500 टूरिस्ट फंसे, प्रदेश में आज से बारिश


*आंधी-बारिश व बिजली गिरने से प्रदेश में तीन दिन में 15 लोगों की मौत हुई है। रविवार को काशी, गोंडा, सुल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में बारिश हुई थी। वहीं, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना है।*

### यूपी में तीन दिन में 15 लोगों की मौत

**भोपाल/लखनऊ/शिमला/चंडीगढ़।** सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है। इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में लगातार तीसरे दिन बर्फबारी हुई। वहीं, उत्तरकाशी और चमोली समेत 8 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान में सोमवार दोपहर बाद श्रीगंगानगर में बारिश हुई, जबकि सीकर में तेज आंधी चली। यूपी में 48 घंटे में 10 शहरों में ओले गिरे।

#### राज्यों में मौसम का हाल

हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरलम और आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान की संभावना है। आंध्र प्रदेश, केरलम और पुडुचेरी में ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, राजस्थान, बिहार और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है। पंजाब और राजस्थान में कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवा चल सकती है।



#### हरियाणा में बारिश-आंधी

प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में मंगलवार से हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं 7 और 8 अप्रैल को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

खबर संक्षेप

## सहायक आयुक्त अतिरिक्त सहायक आयुक्त व तहसीलदारों की परीक्षा 27 अप्रैल से

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सहायक आयुक्त/अतिरिक्त सहायक आयुक्त तथा तहसीलदारों की विभागीय परीक्षाओं के लिए तिथियों की घोषणा कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ये परीक्षाएं 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन सार्थक राजकीय एकीकृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-12ए, पंचकूला में किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को अपने संबंधित विभागाध्यक्ष या प्रशासनिक सचिव के माध्यम से 16 अप्रैल 2026 तक आवेदन करना होगा। केंद्रीय परीक्षा समिति द्वारा सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## निगम चुनाव पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**चंडीगढ़।** तीन बड़े नगर निगमों पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में चुनाव से पहले हुई वार्डबंदी को चुनौती करने वाली कांग्रेस की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले पक्ष को कहा है कि अगर वे इसमें कुछ एडिशनल तथ्य देना चाहते हैं तो कल तक जमा करवा सकते हैं, उसके बाद कोर्ट फैसला सुनाएगी। वहीं, ईवीएम के साथ वीपीपैट मुद्दे पर सुनवाई भी टाल दी। पंचकूला नगर निगम चुनाव में वार्डबंदी की याचिका पर हरियाणा सरकार की ओर पेश हुए एजी ने तर्क दिया है कि पिछले चुनाव के दौरान एससी वार्ड रिजर्वेशन के लिए स्पॉट सर्वे को पैमाना बनाया गया था। जबकि 2011 की जनगणना को आधार माना जाना चाहिए था। इसे सुधारते हुए 2011 की जनगणना को आधार माना गया है। जिसके कारण एससी वार्ड 4 से 3 हो गए हैं।

# आईआईटी बाबा ने इंजीनियर से रचाई शादी, अब बनाएंगे यूनिवर्सिटी

- प्रयागराज महाकुंभ में सुर्खियों में आए थे झज्जर के आईआईटी बाबा उर्फ अभय सिंह
- पत्नी प्रीतिका के साथ हिमाचल के कांगड़ा में शिक्षा के साथ अध्यात्मिकता का रिसर्च सेंटर बनाने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



प्रयागराज महाकुंभ से सुर्खियों में आए अभय सिंह उर्फ आईआईटी बाबा ने बेंगलूरू निवासी इंजीनियर प्रीतिका से शादी रचा ली है। शादी के बाद पहली बार अभय सिंह अपने घर पहुंचे। यहां पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ अभय सिंह और उनकी पत्नी का परिजनों ने स्वागत किया। बाद में पैतृक गांव सासरौली में भी पूजा अर्चना की। उन्होंने पिता अधिवक्ता करण ग्रेवाल व माता का आशीर्वाद लिया। बता दें कि इनकी शादी 15 फरवरी को हिमाचल में हुई थी।

अभय सिंह ने बताया कि वे करीब दो वर्ष बाद अपने घर पर आए हैं। आज उन्हें अपने बैंक अकाउंट की केवाईसी करवानी थी। उन्होंने कहा कि हम दोनों एक ही विजन पर काम कर रहे हैं। हमारी हिमाचल के कांगड़ा के पास श्री यूनिवर्सिटी बनाने की प्लानिंग है, जिसका एक वर्ष से ग्राउंड वर्क किया जा रहा है। शिक्षा के साथ-साथ अध्यात्मिकता का रिसर्च सेंटर बनाने पर फोकस है। युवा केवल जीविका के लिए शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन उसमें जीवन नहीं समझते। उन्होंने कहा कि जैसे प्रेमानंद महाराज धार्मिक गुरु हैं, वहीं सतगुरु क्रिया के। ऐसे में यूनिवर्सिटी में अलग अलग साधनाओं के अलग अलग विभाग बनाए जाएंगे।

आकाश इंस्टीट्यूट में हत्या केस : कोर्ट का फैसला

# हत्यारोपी नाबालिग छात्र छह माह करेगा अस्पताल में सेवा

- जुवेनाइल कोर्ट ने कहा-आरोपी छात्र में सुधार व उसकी जिंदगी को सकारात्मक बनाने के लिए पुनर्वास को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आकाश इंस्टीट्यूट में 2023 में हुए अंशुल हत्याकांड के मामले में जुवेनाइल कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। आरोपी नाबालिग छात्र (उस समय करीब 15 वर्ष) के सुधार व उसकी जिंदगी को सकारात्मक बनाने के लिए न्यायालय ने दंडात्मक दृष्टिकोण की बजाय सुधारात्मक और पुर्नवास आधारित व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। नाबालिग को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए उसे सिविल अस्पताल में 6 माह तक सामाजिक कार्य करने का फैसला सुनाया है। बता दें कि 2023 में आकाश इंस्टीट्यूट में दो नाबालिग छात्रों के बीच झगड़े में एक ने चाकू मारकर दूसरे की हत्या कर दी थी। घायल छात्र करीब 10 मिनट इंस्टीट्यूट में ही पड़ा रहा था। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए तो उसे मृत घोषित कर दिया। जौंधन कला निवासी मृतक अंशुल (15) मॉडल संस्कृति स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था और आकाश में कोचिंग लेने जाता था। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा और दो सदस्य एडवोकेट आशिमा कौशिक और अशोक कुमार की उपस्थिति में आरोपित नाबालिग के केस की सुनवाई शुरू हुई। इस केस में आरोपी नाबालिग 18 महीने और 12 दिन की सजा काट चुका था और 11 महीने 21 दिन से ट्रायल बेस पर बाहर था। बोर्ड ने नाबालिग उम्र में हुई गलती को भविष्य की स्थाई पहचान ना बनें इसका मौका दिया।

### सभी इंस्टीट्यूट को ये हिदायत माननी होंगी

* कोर्ट ने फैसले में लिखा कि जितने भी इंस्टीट्यूट हैं वे सभी अपने यहां फर्स्ट एड की सुविधा रखेंगे।
* टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को एमरजेंसी रिस्पोंस सिस्टम पर तैयार करेंगे। किसी भी हेल्थ इंस्टीट्यूट के साथ तालमेल कर एम्बुलेंस इत्यादि की सुविधा रखेंगे।
* हर एक संस्थान हर 15 दिन में इंटरनल ऑडिट भी करेगा, जिसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों का बैग चेक किया जाएगा, जिसमें लड़कियों का बैग चेक महिला टीचर ही करेंगी।
* संस्थान में सीसीटीवी कैमरे और फायर उपकरण इत्यादि भी अन्य उपकरण जरूर लगे हों।
* बाल कल्याण समिति के सदस्य उक्त सभी चीजों का निरीक्षण कर दो माह में अपनी रिपोर्ट देंगे। एसपी टीम को मदद करेंगे।

### घायल दोस्त की मदद करने पर सराहा

बोर्ड ने कहा कि मृतक के सहपाठी विशाल ने अपने मित्र की मदद की। उसके बाद गवाही देने का भी साहस दिखाया। उन्होंने इसे समाज के अटूट नैतिक ताने-बाने का प्रमाण दिया है और पीड़ित की सहायता में सहपाठी विशाल की भरपूर प्रशंसा की है।

विधवा बहन की जमीन हड़पना चाहता था, पिता ने विरोध किया तो की हत्या

# जमीन विवाद में पिता को जीप से कुचला सिर में किए वार, 2 घंटे गली में तड़पते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

उपमंडल के गांव अहमदपुर दारेवाला में जमीनी विवाद के चलते पुत्र ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। जमीन में हिस्सेदारी को लेकर पिता-पुत्र दोनों के बीच पिछले कुछ समय से झगड़ा चल रहा था। वारदात के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



आरोपी राम सिंह

**जीजा की मौत के बाद साला संभालता था उनकी जमीन, कुछ हिस्सा बेच हड़पी थी रकम**

आरोपी ने पहले पिता को जीप से कुचला और बाद में तेजधार हथियार से सिर पर वार किए और बुजुर्ग पिता करीब दो घंटे तक गली में तड़पता रहा। घटना को देख आसपास के लोग सहम गए। किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत तक नहीं दिखाई। गांव दारेवाला निवासी जसवंत सिंह (65) रविवार रात करीब दस बजे खेत से पानी लगाकर घर लौट रहा था। घर के पास ही उसके बेटे रामसिंह (35) ने पिता को घेर लिया। आरोपी ने पहले पिता जसवंत को जीप से कुचला, लेकिन वह बच गया। फिर सिर में तेजधार हथियार से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल जसवंत को उपचार के लिए डबवाली के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी राम सिंह अपनी विवाहित बहन की जमीन हड़पने का प्रयास कर रहा था। कुछ समय पहले राम सिंह के जीजा की भी मौत हो गई थी। इसके बाद राम सिंह ही बहन की जमीन-जायदाद की देखरेख कर रहा था। उसने बहन की जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया था, लेकिन पूरी रकम बहन को नहीं दी। जसवंत सिंह ने बेटी का हक मारे जाने पर राम सिंह को ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में अकसर झगड़ा होता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पंचकूला में मार्केटिंग बोर्ड का अकाउंटेंट रिश्वत लेते धरा

**पंचकूला।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मार्केटिंग बोर्ड के डिविजनल अकाउंटेंट को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके कार्यालय में ही पीड़ित ने 23 हजार रुपये की रिश्वत दी थी, जिसे एसीबी ने बरामद कर लिया। पंचकूला के सेक्टर-27 निवासी हेमंत शर्मा ने शिकायत दी थी कि आरोपी अकाउंटेंट हरदेव सिंह उसके बिलों को पास नहीं कर रहा। उसने 28 हजार रुपये की रिश्वत मांगी है। इसमें से 5 हजार रुपये वह आरोपी को दे चुका है। डीएसपी युगल किशोर के नेतृत्व में टीम ने पीड़ित को 23 हजार रुपये की राशि देकर भेजा। आरोपी ने जैसे ही रुपये लिए टीम ने मौके पर छापा मारकर आरोपी को पकड़ लिया व राशि बरामद कर ली।

## फर्जी पशु कल्याण अधिकारी बन लूटने वाले तीन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने पशु व्यापारियों को डरा-धमकाकर वसूली करने वाले एक शातिर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। थाना सदर टोहाना पुलिस ने फर्जी अधिकारी बनकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि और कार भी बरामद कर ली गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजीव व पंकज ठाकुर निवासी कोटला विहार, नांगलोई, दिल्ली तथा शरणजीत सिंह निवासी गांव अकंवाली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने संदीप निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। संदीप ने बताया कि 4 अप्रैल की अलसुबह करीब 2 बजे, जब वह अपने सहायक के साथ कैंटर में भैंसे लादकर दिल्ली जा रहा था, तभी जमालपुर शेखां-अमानी रोड पर एक लाल रंग की गाड़ी ने उनका रास्ता रोका। गाड़ी से उतरे तीनों युवकों ने खुद को पशु कल्याण विभाग का अधिकारी बताया। उन्होंने क्षमता से अधिक पशु होने का डर दिखाकर व्यापारियों के साथ मारपीट की और उनसे 23,680 रुपये लूट लिए।

## डेढ़ लाख में बिना शादी किए लाया 'दुल्हन', 4 दिन बाद पैसे लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाली फर्जी दुल्हन सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे पैसे और आभूषण ऐंठने का काम करता था। सिरसा शहर थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि गांव पंजुआना निवासी बिजली निगम में ड्राइवर के पद पर कार्यरत युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके एक साथी ड्राइवर ने उसे शादी करवाने का झांसा दिया। उसे दो युवकों से मिलवाया गया, जिन्होंने शादी करवाने के बदले डेढ़ लाख रुपये की मांग की।

आरोपियों ने हिसार बुलाकर शिवानी नाम की युवती से सगाई करवा दी। सगाई के नाम पर पीड़ित से डेढ़ लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण ले लिए गए। कुछ समय बाद भी जब शादी नहीं हुई तो आरोपियों ने बहाने बनाना शुरू कर दिया और बताया कि लड़की के माता-पिता की मृत्यु हो गई है, जिससे शादी टाल दी गई। जब पीड़ित को ठगी का संदेह हुआ और उसने शिकायत करने की बात कही तो आरोपियों ने अस्थायी तौर पर बिना शादी के युवती को पीड़ित युवक के घर पर भेज दिया। शिवानी उसके घर आकर रहने लगी, लेकिन चार दिन बाद ही रात को वह घर से नकदी और सोने के जेवरात लेकर फरार हो गई। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला निवासी फुल्लन देवी को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी सरोज निवासी हिसार को भी पकड़ लिया। आरोपियों से 30 हजार की नगदी व आभूषण बरामद कर लिए हैं।



# केजरीवाल की अदालत में फिर नौटंकी

## दिल्ली हाईकोर्ट में जोरदार बहस, जज को बदलने की मांग, 13 को होगा फैसला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट के भीतर जबरदस्त कानूनी ड्रामा देखने को मिला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद अदालत में पेश हुए और जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से इस मामले की सुनवाई से हटने की गुहार लगाई। इस दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल और केजरीवाल के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अदालत की कार्रवाई शुरू होते ही अरविंद केजरीवाल ने अपनी पैरवी खुद संभाल ली। उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से आग्रह किया कि वे उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई न करें। केजरीवाल ने अपनी 'रिक्यूजल' याचिका को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।



### सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरी की मांग का विरोध किया

सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरी की मांग का विरोध करते हुए अदालत में कहा कि याचिका में लगाए आरोप बेबुनियाद और अदालत की अवमानना करने वाले हैं। उन्होंने तीखे लहजे में टिप्पणी की कि 'अदालत कोई नौटंकी का मंच नहीं है' और यह भी सुझाव दिया कि यदि केजरीवाल खुद बहस करना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकीलों को हटा देना चाहिए। सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि केजरीवाल के अलावा 7 अन्य आरोपियों ने भी जस्टिस शर्मा को इस मामले से हटाने के लिए अर्जी दी है। इस पर जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि कोई और भी ऐसी याचिका देना चाहता है तो दे सकता है।

**यह है मामला:** यह पूरा मामला 27 फरवरी के उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया समेत 21 अन्य को बरी कर दिया था। निचली अदालत ने सीबीआई के मामले को खारिज करते हुए कहा था कि यह न्यायिक जांच में टिकने योग्य नहीं है। सीबीआई ने फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिस पर 9 मार्च को जस्टिस शर्मा की बेंच ने सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी किया। अब आरोपी पक्ष उसी बेंच के सामने सुनवाई का विरोध कर रहा है।

### किराए के वादे पर हाईकोर्ट ने पलटा आदेश, सरकार तय करे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2021 के एक सिंगल जज के आदेश को पलट दिया है। उस आदेश में कहा गया था कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गरीबों के किराए का भुगतान करने की घोषणा कानूनी तौर पर लागू करने लायक थी। जस्टिस सी हरि शंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयान को कानूनी वादा नहीं माना जा सकता, जिसे अदालतें लागू करवा सकें। दरअसल, कोरोना लॉकडाउन के समय अरविंद केजरीवाल ने 29 मार्च 2020 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मकान मालिकों से कहा कि वे गरीब और निर्धन किराएदारों से किराए न मांगें। इसके बाद 5 दिहाड़ी मजदूर कोर्ट पहुंचे। उन्होंने याचिका में दावा किया था कि केजरीवाल सरकार ने लॉकडाउन में किराया न दे पाने वालों का किराया भरने का वादा किया था।

**कहा- मीडिया में दिया बयान लागू करवाने लायक नहीं**

# न्यायिक अफसरों को बंधक बनाने पर सुको सख्त

## बंगाल के मुख्य सचिव को फटकारा, स्टेट मशीनरी फेल, माफी मांगें

### अधिकारियों के घेराव से जुड़े मामले के रिकॉर्ड एनआईए को सौंपने का आदेश दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा में एसआईआर के काम में शामिल न्यायिक अधिकारियों के घेराव से जुड़े मामले के रिकॉर्ड एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया। साथ ही सुको ने बंगाल के मुख्य सचिव को फटकार भी लगाई है। वहीं, कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सीजेआई सूर्य कांत ने चीफ सेक्रेटरी से कहा कि आपको हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से माफी मांगनी चाहिए। ताकि वो सब रिडिम किया जा सके, जो पहले आपने किया है।

यह आपके प्रशासन और पुलिस प्राधिकारों की सरासर विफलता है कि हमें न्यायिक अधिकारियों को शक्ति देनी पड़ी है। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने पश्चिम बंगाल के चीफ सेक्रेटरी के रवैये पर सवाल उठाते हुए उनसे जवाब तलब किया और टिप्पणी की कि उनका फोन अक्सर स्विच ऑफ रहता है, यहां तक कि कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस भी उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि नौकरशाही के इस बेहद अड़ियल रवैये का सामना हमें दूसरे राज्यों में भी करना पड़ रहा है।

### 'अपने आप को कम ऊंचा रखिए..'



चीफ सेक्रेटरी सूर्य कांत ने कहा कि मेरे नंबर उनके लिए उपलब्ध है। एक और नंबर है जो ज्यादा सिक्योर और कनेक्टिविटी बेहतर है। जस्टिस बागची ने कहा कि आपकी सुरक्षा कुछ ज्यादा ही है। आप इतने ऊंचे नहीं हो सकते कि मुख्य न्यायाधीश की आप तक पहुंच न हो। अपने आप को कम ऊंचा रखिए, ताकि कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जैसे यानी आम सेवक आपसे जुड़ सकें।

### सीजेआई को भी गंभीरता से नहीं लेते..

सीजेआई सूर्य कांत ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा कि आप मुख्य न्यायाधीश को भी गंभीरता से नहीं लेते? वो भी आपसे संपर्क नहीं कर सकते। वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश मुख्य सचिव ने कहा कि मैं एक बैठक के लिए दिल्ली आया था। 1 अप्रैल को दो बजे से चार बजे तक मैं फ्लाइट में था। मेरे फोन पर कोलकाता से कोई कॉल नहीं आई थी। जस्टिस बागची ने कहा कि शाम को फोन आए होंगे, यदि आपने मोबाइल नंबर साझा किए होते तो आपके फोन अक्सर बंद रहते हैं। अगर वो खुले होते या आप फोन उठाते तो यह हाईकोर्ट प्रशासन के लिए बेहद मददगार होता।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार सहित 19 नए सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### हरिद्वार में नहीं बिकेगा मीट, ऑनलाइन भी रोक

**हरिद्वार।** हरिद्वार में अब मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी। इसे लेकर नगर निगम की बैठक में सोमवार को प्रस्ताव पास हो गया है। इसमें मीट की दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने का फैसला लिया गया। नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास कराया गया।

### चौथे तटरक्षक तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक तीव्र गश्ती पोत (एफपीवी) के निर्माण की सोमवार को शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये जहाज़ देश के 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं।

### वर्ष 2003 में रायपुर में एनसीपी नेता का हुआ था मर्डर

# उम्रकैद की सजा के बाद सुको पहुंचे अमित जोगी

**पूर्व सीएम के बेटे हैं, हाईकोर्ट 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया**

- हाईकोर्ट बोला- समान साक्ष्य में आरोपी से भेदभाव नहीं होगा
- सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, इस पर 20 अप्रैल को सुनवाई

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने सुनाया है। वहीं, इस मामले में अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र और पूर्व विधायक अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उच्च न्यायालय ने रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में अमित जोगी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की पीठ ने दो अप्रैल के अपने आदेश में सुनवाई अदालत द्वारा 2007 में दिए गए फैसले को रद्द कर दिया। सुनवाई अदालत ने अमित जोगी को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय ने सुनवाई अदालत के फैसले को 'स्पष्ट रूप से गैर कानूनी, गलत, विकृत और रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के विपरीत' माना। आदेश की प्रति सोमवार को उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है "हमारी यह सुविचारित राय है कि निचली अदालत द्वारा आरोपी-अमित जोगी को बरी करते हुए दिया गया फैसला स्पष्ट रूप से गैर-कानूनी, गलत, विकृत, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सबूतों के विपरीत और बिना किसी ठोस आधार के है।"








### पूरा घटनाक्रम

- 4 जून 2003 में हुई थी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) रामावतार जग्गी की हत्या
- मामले में 31 लोगों को बनाया गया था आरोपी
- 28 लोगों को हुई थी उम्रकैद, जोगी हुए थे बरी
- रामावतार जग्गी के बेटे ने अमित जोगी के खिलाफ शीर्ष अदालत में लगाई थी याचिका
- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को भेज दी थी याचिका
- सोमवार को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

### क्या है जग्गी हत्याकांड

दरअसल, 4 जून 2003 को राजधानी रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 लोगों को आरोपी बनाया गया था। बाद में तीन आरोपी सरकारी गवाह बन गए थे। कोर्ट ने इस मामले में अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सुनाई थी। 31 मई 2007 को रायपुर की विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को इस मामले से बरी कर दिया। इसके बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सतीश जग्गी ने अमित जोगी को बरी करने का विरोध करते हुए याचिका लगाई थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट भेज दिया था।

### अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टरमाइंड

हाईकोर्ट ने कहा कि पूरे सबूतों से यह साफ है कि अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टर माइंड था और उस समय के मुख्यमंत्री का बेटा होने के नाते उसके पास कमांडिंग पोजीशन भी थी। वह इतना असरदार आदमी था कि पुलिस अधिकारियों को ऐसे लोगों का इंतज़ाम करने के लिए मैनेज कर सकता था जो खुद को हमलावर बता सकें। कोर्ट ने कहा कि पैसों का लेनदेन, बत्रा हाउस, होटल ग्रीन पार्क और सीएम हाउस में में आरोपियों की अमित जोगी के साथ बार-बार मीटिंग के सबूत साफ दिखाते हैं कि उसे शुरू से ही सारी साजिश की पूरी जानकारी थी और पूरा जुर्म अमित जोगी के कहने पर ही किया गया था।

### यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष न्यायाधीश द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्ष जो कि आरोपी जोगी को बरी करने की बात है, वे गलत हैं और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों से साबित नहीं होते। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी जोगी के मामले को दूसरे साज़िश करने वालों से अलग करने का कोई कारण नहीं बताया है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिस तरह से इस अपराध की योजना बनी और उसे अंजाम दिया गया, उससे साफ जाहिर होता है कि यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम था। इसमें खास तौर पर राज्य पुलिस मशीनरी का दुरुपयोग किया गया।

**अरुणाचल के सीएम खांडू को सुको से झटका**

# सरकारी ठेकों के मामले में सीबीआई को जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**जांच में पिछले 10 साल के सभी कार्यों ठेकों की समीक्षा शामिल**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अरुणाचल प्रदेश में सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़े कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की प्रारंभिक जांच दो सप्ताह के भीतर शुरू करे। न्यायाधीश विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जांच में 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में हुए सभी सार्वजनिक कार्यों, ठेकों और वर्क ऑर्डर्स की समीक्षा शामिल होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीबीआई इस मामले की स्थिति रिपोर्ट 16 हफ्तों के भीतर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करे। अदालत ने यह आदेश 17 फरवरी को मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षित रखा था।

मामले में प्रस्तुत याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं, करीब 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए।

**हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही**

### याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

**कार्यालय नगरपालिका चीका (कैथल)।**
ADDRESS GUHLA ROAD, CHEEKA, TEHSIL, GUHLA, DISTT. KAITHAL PH:-01743-221503

**विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका चीका अपनी 44 दुकानों (विभिन्न स्थानों पर स्थित) की खुली बोली दिनांक 08.04.2026 को प्रातः 11 बजे कार्यालय, नगरपालिका चीका के हॉल में माननीय उपायुक्त महोदया कैथल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि माननीय उपमण्डल अधिकारी (ना०) गुहला की देखरेख में करवाने जा रही है। इच्छुक व्यक्ति मौके पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। दुकानों का विवरण व बोली की शर्तें किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका चीका के कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। नगरपालिका चीका के बकायादार व्यक्ति/डिफाल्टर की बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। (बोली में भाग नही ले सकते)

नोटः- बोलीदाता बोली देने से पूर्व कृपया सभी दुकानों का मौका निरीक्षण करके ही बोली में भाग ले।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका चीका

# शाह का राहुल गांधी पर तंज

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें भारत में नहीं पाकिस्तान में बढ़ी

एजेंसी ▶▶ अलाप्पुझा (केरल)

असम विधानसभा चुनाव से पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि एनडीए सरकार ने अपने घोषणापत्र में मछुआरों और किसानों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हुए कहा कि राहुल पेट्रोल की कीमतों को पाकिस्तान से तुलना करते हैं, जबकि भारत में ऐसी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। शाह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "डीएमके और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ 5 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दो दिन पहले राहुल गांधी यहां आए थे और कहा था कि भारत में पेट्रोल की कीमतें गल्फ युद्ध के कारण बढ़ी हैं। वे सही हैं, पेट्रोल की कीमतें 458 रुपये और डीजल की कीमत 520 रुपये हो गई है, लेकिन ये बढ़ोतरी भारत में नहीं, पाकिस्तान में हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन में अंदरूनी कलह चल रही है, जबकि एनडीए एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है। "हम एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं, और दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन के साथी पहले से ही सरकार बनाने से पहले आपस में लड़ रहे हैं। सीपीआई और सीपीआई (एम) पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर जा चुके हैं," शाह ने कहा।



### एलडीएफ को भाजपा मदद कर रही: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के माला में कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) तथा राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के बीच की लड़ाई है। आरोप लगाया कि एलडीएफ को भाजपा से मदद मिल रही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन को अहंकारी व्यक्ति हैं।

### असम चुनाव में गरजे पीएम मोदी कांग्रेस पर बोला तीखा हमला




**गुवाहाटी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के बारपेटा जिले के भबानीपुर-सरभोग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से पड़ोसी देश पाकिस्तान की धुन पर नाचती रही है, जिससे राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता होता है। पीएम ने कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसिक कदम उठाए हैं, वहीं कांग्रेस देशहित को दरकिनार कर रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है।

### सात विदेशियों को 30 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन करने के आरोपी सात विदेशी नागरिकों को सोमवार को 30 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं। इन विदेशी नागरिकों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत पूरी होने के बाद एनआईए विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के समक्ष पेश किया गया। सोलह मार्च को अदालत ने सात विदेशी नागरिकों से पूछताछ के लिए उनकी 11 दिनों की हिरासत संघीय एजेंसी को सौंपी थी, जिसे बाद में 10 दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया था। सोमवार को न्यायाधीश ने एनआईए की याचिका को स्वीकार कर लिया।

**उत्तर रेलवे**
प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उत्तर रेलवे अम्बाला कैंट
**खुली ई–निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांकः NR/Proj/UMB/Civil/Advt-/03 तारीखः 01.04.2026

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उ०रे०, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/राशी App. Cost (रू. में) | बिड सिक्युरिटी/ धरोहर राशी (रू. में) | कार्य समापन अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र की लागत | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| NR-UMB-Proi-Civil-27205 उत्तर रेलवे की परियोजना के सम्बन्ध में कुरुक्षेत्र स्टेशन पर टाईप III (03 यूनिट) व टाईप II (08 यूनिट) स्टाफ कवार्टरस की विद्युतीकरण का कार्य एवं मंडल विद्युत अभियंता/परियोजना/मुरादाबाद में पहले से बने आफिस की रिपेयर तथा रेस्ट हॉउस, स्टोर, आफिस के निर्माण का एवं विविध/सम्बद्ध कार्य | 246.33 लाख | 2,49,700/– | 12 (बारह) | कुछ नहीं (निल) | 27.04.2026 को 15:00 बजे |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि धरोहर राशि जमा (बिड सिक्यूरिटी) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई. आर. ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके सम्बन्ध में योग्य निविदादाता स्वयं / फर्म को रजिस्टर्ड कर निविदा भरते समय उपयोग कर सकते है एवं जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

नोटः तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज़ में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।
1131/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पीएम ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को डिजिटल संबोधित किया**

# समान नागरिक संहिता, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर सकारात्मक प्रगति: मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, "जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है"। हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रणाली में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है।

- भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं
- पार्टी का स्थापना दिवस सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, हर कार्यकर्ता के लिए एक भावनात्मक अवसर
- यह दिन देश की सेवा करने का अवसर देने के लिए पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करने का मौका है
- हर चुनौती का सामना करने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही भाजपा

**TENDER NOTICE : DISTRICT OFFICE, HAFED FATEHABAD**

| Sr. No. | Name of Department | PARTICULARS | Opening and Closing Date of Tender | Security Amount (In Rs.) | Contact No. /E-mail ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | The Haryana State Co-operative Supply & Marketing Fed. Ltd., Fatehabad | Hafed is interested to enter in annual repair & maintenance contract for the weighbridges installed at Hafed Jakhal, Ratia, Nagpur, Bhattu, Tohana & Matana 60 MT each, Hafed Old Complex Ratia 40 MT and Hafed New Complex Bhuna 100 MT for the year 2026-27 with effect from 01.04.2026 to 31.03.2027. Interested Parties having experience of 3 years in Govt. Organization may send their sealed quotations to the undersigned on dated 10.04.2026 upto 12:00 noon and the same will be opened/finalized in the presence of the interested parties on the same day at 2:30 PM in the office of District Manager Hafed Bhodia Road, Fatehabad. Successful bidder has to deposit Rs. 10,000/- as security on the spot (in shape of Demand Draft in favour of -District Manager, Hafed Fatehabad | 10-04-2026 | Rs. 10,000/- | 9306802977 dmhfd-ftd @hafed.gov.in |

FOR MORE INFORMATION, CONTACT :
DISTRICT OFFICE HAFED FATEHABAD, BHODIA ROAD, NEAR DHBVN, FATEHABAD
District Manager, Hafed, Fatehabad.

चिंतन

# रिश्तों को भी प्रभावित कर रही डिजिटल दुनिया

भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव-इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।



चुनाव
उमेश चतुर्वेदी

# बागियों को सबक सिखाने के मूड में कांग्रेस

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का दांव दो राज्यों में ही सबसे ज्यादा है, इसलिए उसका सारा ध्यान इन्हीं दो राज्यों पर है। असम और केरलम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति अलग होने के कारण दोनों ही राज्यों में उसकी चुनौतियां और लड़ाई के रूप व तरीके भी अलग-अलग हैं। हरियाली और समुद्री किनारे के चलते केरलम को खूबसूरत राज्यों में शुमार किया जाता है। इस खूबसूरती की ही वजह से केरल को 'भगवान का देश' कहा जाता है। बारह साल से केंद्रीय सत्ता से दूर कांग्रेस को भगवान के इसी देश से ही ज्यादा उम्मीद है। पिछले लोकसभा चुनावों में जिस तरह इस राज्य से उसे समर्थन मिला था, उसकी वजह से उसकी उम्मीदों का परवान चढ़ना स्वाभाविक है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनावी घमासान बढ़ता जा रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी का दांव चूंकि दो राज्यों में ही सबसे ज्यादा है, इसलिए उसका सारा ध्यान इन्हीं दो राज्यों पर है। असम और केरलम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति अलग-अलग है। इसलिए दोनों ही राज्यों में उसकी चुनौतियां अलग हैं, इसलिए उसकी लड़ाई के रूप और तरीके अलग-अलग हैं। हरियाली और समुद्री किनारे के चलते केरलम को खूबसूरत राज्यों में शुमार किया जाता है। इस खूबसूरती की ही वजह से केरल को 'भगवान का देश' कहा जाता है। बारह साल से केंद्रीय सत्ता से दूर कांग्रेस को उम्मीद भगवान के इसी देश से ही ज्यादा है। पिछले लोकसभा चुनावों में जिस तरह इस राज्य से उसे समर्थन मिला था, उसकी वजह से उसकी उम्मीदों का परवान चढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन यहां उसकी चुनौती भगवान को न मानने वाली विचारधारा से है। केरल की सत्ता पर काबिज जिस वाममोर्चा से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का मुकाबला है, राष्ट्रीय स्तर पर मोदी के खिलाफ बने विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस उसी वाममोर्चे के साथ है। स्थानीय स्तर पर विरोध और राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग का विरोधाभास अगर सर्वाधिक शिक्षित राज्य में भारी पड़ सकता है। हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में राजधानी तिरूअनंतपुरम में जीत हासिल कर चुकी बीजेपी इस विरोधाभास को खूब उछाल रही है। वैसे तो बीजेपी का दावा है कि इस बार भगवान के देश में भगवा ध्वज फहरने जा रहा है, हालांकि अब तक चुनावी अभियान से साफ है कि बीजेपी को वैसी सफलता मिलती नजर नहीं आ रही, लेकिन बीजेपी का मौजूदा जीन आखिरी दम तक हार नहीं मानने का है। इसलिए पार्टी की कोशिश सीपीएम की अगुआई वाले वाममोर्चे और कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त मोर्चे के विरोधाभास को उजागर करने पर है। पार्टी को लगता है कि देश के इस सर्वाधिक साक्षर राज्य में अगर जनता ने इस विरोधाभास को समझ लिया तो राज्य के चुनावी नतीजे 2017 के उत्तर प्रदेश के परिणामों की तरह आश्चर्यजनक रूप से अपने पक्ष में किए जा सकते है। 2017 में किसने सोचा था कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। इसी कोशिश के तहत अमित शाह केरल की करीब 19 प्रतिशत जनसंख्या वाले ईसाई समुदाय से लगातार संपर्क कर रहे हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, केरलम के कुल 3.34 करोड़ निवासियों में से लगभग 61.41 लाख ईसाई हैं, जो मुख्य रूप से मध्य केरल में केंद्रित हैं। पारंपरिक रूप से केरल में यह समुदाय कांग्रेस का सहयोग करता रहा है, लेकिन बीजेपी की कोशिश इस समुदाय को कांग्रेस से तोड़ने की रही है। हालिया अतीत के कुछ चुनावों में यह समुदाय बीजेपी के साथ खड़ा होता नजर आया है। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित लव जेहाद का शिकार केरलम में यह समुदाय भी होता रहा है। वैसे बीजेपी जिस तरह की कोशिश करती नजर आ रही है, उससे सबसे ज्यादा संकट में कांग्रेस की संभावनाएं ही नजर आ रही है। ऐसा लगता है कि बीजेपी की रणनीति कांग्रेस को इस राज्य की सत्ता से दूर रखने की ही है। पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख राज्य असम की जहां तक बात है, तो वहां मुख्य



मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस में ही है। कांग्रेस की चिढ़ यह है कि बीजेपी जिस हिमंत विस्वसरमा के चेहरे पर चुनावी मैदान में है, वह कभी कांग्रेस का ही चेहरा होते थे। कांग्रेस अपने इस पूर्व नेता को इस बार हर हाल में सबक सिखाने के मूड में नजर आ रही है। जिस तरह उनकी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन-तीन पासपोर्ट हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का आरोप है कि रिन्की भुइयां सरमा के पास संयुक्त अरब अमीरता , एंटीगुआ और बारबुडा एवं मिस्र का पासपोर्ट है। कांग्रेस ने इसके समर्थन के कुछ दस्तावेज़ों की कॉपी भी दिखाई है। हालांकि हिमंत विस्वसरमा का कहना है कि कांग्रेस हताशा में है और उनकी ओर से कांग्रेस के नेताओं पर मानहानि का केस दायर करने की भी बात कही जा रही है। कांग्रेस एक तरह से अपने इस पुराने सिपाही को भ्रष्टतम साबित करने की कोशिश में है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि हिमंत के पास अमेरिका में भी कंपनी है, जिसमें बावन हजार करोड़ रूपए जमा हैं। कांग्रेस का यह आरोप राहुल गांधी के आरोपों का विस्तार ही लगता है। राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले उन्होंने अपने पुराने सहयोगी को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। राहुल गांधी उन्हें सत्ता में वापसी के बाद जेल भेजने की बात कहते रहे हैं। कांग्रेस की इन आरोपों के जरिए कोशिश सिर्फ हिमंत को ही सवालों के घेरे में रखना नहीं है, बल्कि बीजेपी को भी भ्रष्टाचार बताने की भी है। वैसे हिमंत भी राहुल गांधी की आलोचना करते रहे हैं। अपने कांग्रेस छोड़ने की वजह वे राहुल गांधी को ही बताते रहे हैं। दोनों के रिश्तों के संदर्भ में मौजूदा आरोपों को देखें तो यह निजी खुन्नस का भी मामला लगता है। हिमंत इन आरोपों को निजी खुन्नस बताने और असम के लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हैं। अगर वे इसमें कामयाब रहे तो असम में कांग्रेस की चुनावी संभावना दूर होगी। अगर ऐसा हुआ तो फिर कांग्रेस के लिए उत्तर पूर्व में अपनी मौजूदगी बनाए रखना दूर की कौड़ी हो जाएगा। इसका कारण यह है कि हिमंत पूर्वोत्तर भारत में बीजेपी का चेहरा और संकट मोचक बन चुके हैं। अगर कांग्रेस की कोशिशें कामयाब रहीं तो पूर्वोत्तर में बीजेपी की राह कठिन हो जाएगी। हिमंत की हार उसकी चुनावी संभावनाओं पर बड़ा प्रश्नचिन्ह बनकर उभरेगी। असम पर काबू पाने के लिए कांग्रेस ने अपने हरावल दस्ते के हर हथियार मैदान में उतार दिए हैं। कांग्रेस की कोशिशों को पलीता उसकी प्रेस कांफ्रेंस में ही लगता दिखा, जब राष्ट्रीय मीडिया के एक पत्रकार ने उस कंपनी की वेबसाइट खोलकर उसकी स्थापना के तथ्य कांग्रेस प्रवक्ता के सामने पेश करने शुरू कर दिए, जो कांग्रेस के दावे के ठीक उलट नजर आ रहे थे। इसका माकूल और संतोषजनक जवाब कांग्रेस प्रवक्ता नहीं दे पाए। असम से सटे पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। वहां तो वह लड़ती भी नहीं दिख रही। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कभी कांग्रेस की सिपाही रहीं। केरलम की तरह पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस विरोधाभास से जूझ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर वह ममता के साथ है, लेकिन राज्य में उसकी पूरी कोशिश ममता को हिमंत की तरह सबक सिखाने की ही लग रही है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। हालांकि 2023 में मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले की सगरदीघी सीट के उपचुनाव में कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस को हराकर विधानसभा में खाता खोलने में सफल रही थी। मुस्लिम बहुल विधानसभा में कांग्रेस की जीत से ममता की नींद उड़ गई थी। राज्य के करीब पैंतीस फीसद मुस्लिम वोट बैंक में सेंध का डर उन्हें सताने लगा। साफ है कि इस बार के चुनावों में कांग्रेस जहां अपने पुराने सिपाहियों को सिखाने की कोशिश में है, वहीं खुद की संभावनाएं बेहतर करने का भी प्रयास कर रही है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य दिवस आज
महेन्द्र तिवारी




# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब कोई गलती हो जाए तो स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-विनोद कुमार, सोनीपत*

## ट्रेंड

### कार्यकर्ता ही ताकत



भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विज़न देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेचीं



नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### एलडीएफ-भाजपा में डील



आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यही इस डील के सबूत हैं। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

### मोदी कुछ नहीं बोले



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती? **-ममता बनर्जी,** सीएम पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# किम की बेटी हो सकती हैं उनकी उत्तराधिकारी

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की 'सबसे प्रिय' या 'सम्मानित' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। 'नेशनल असेंबली' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग (जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।



## ऑफ बीट

# क्या वजन से हो सकता है स्वास्थ्य का आकलन

हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हरियाणा के संग्राम सिंह अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएमए आइकन और इंडियन फाइटर संग्राम सिंह ने अर्जेंटीना में इतिहास रचते हुए महज 1 मिनट 45 सेकंड में अपनी फाइट जीती। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) के मुकाबले में शानदार जीत के साथ वह अर्जेंटीना में एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। संग्राम सिंह ने उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को ब्यूनस आयर्स के स्टेडियम में धराशायी कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट-ट्रिक भी पूरी कर ली। इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। उनकी जीत के लिए रोहतक, उदयपुर और वाराणसी में हवन यज्ञ किए गए थे। देश में लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे। कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था। दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की। खूब पसीना बहाया। दिन भर में आधा गिलास पानी पीया। संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी। संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी। उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था। स्टेडियम के एक कोने से भारत माता की जय के भी नारे लग रहे थे। संग्राम ने कहा कि मुझे भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि पूरा स्टेडियम मेरी फाइट के दौरान मुझे ही क्यों चीयर-अप कर रहा है।

## पूरी की जीत की हैट-ट्रिक, 1 मिनट 45 सेकंड में मुकाबला जीता





### मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं : संग्राम सिंह

जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन (किसी कार्य के प्रति जुनून)की कोई उम्र नहीं होती। मेरा अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे।

### काम आए कुश्ती के दांव पेंच

संग्राम ने कहा कि फ्लोरियन दिखने में तगड़े ज़रूर थे लेकिन उनके हाथ-पैर काफी तेज़ी से चल रहे थे। संग्राम ने कहा कि आखिरकार कुश्ती का उनका अनुभव काम आया। फ्लोरियन की किक को पकड़कर उन्होंने नीचे गिराया। यानी उन्हें कुश्ती के लेग अटैक का फायदा मिला। फिर नीचे आकर उन्होंने सांडी तोड़ने की कोशिश की और फिर उन्हें लम्बा करके चोक कर दिया। रेफरी के तीन बार पूछने पर आखिरकार फ्लोरियन ने अपनी हार मान ली। इस तरह संग्राम ने अपनी तीसरी फाइट को भी सहजता के साथ जीता। पाकिस्तानी फाइटर को उन्होंने 90 सेकंड में हराया था जबकि दूसरी फाइट को उन्होंने दूसरे राउंड में जीता था।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ‘ जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।’ फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है।



पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी। यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ‘ जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।’

### अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, ‘भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।’ उन्होंने कहा, ‘ इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे। अंडमान में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य इस द्वीपसमूह को सर्फिंग और समुद्री खेलों के उभरते केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।’



## अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।

28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।



### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।




इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

## 3.4 ओवर का ही हो पाया खेल

# कोलकाता नाइट राइडर्स व पंजाब किंग्स का मैच चढ़ा बारिश की भेंट

भाषा ▶▶| कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच सोमवार को यहां खेला गया इंडियन प्रीमियर लीग मैच बारिश के कारण 3.4 ओवर के खेल के बाद रद्द करना पड़ा जिससे दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। मैच रद्द होने के साथ मौजूदा सत्र में नाइट राइडर्स के अंकों का खाता भी खुल गया। टीम को अपने शुरुआती दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में भी टीम दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और अगर मैच शुरू होता तो यह पांच ओवर का ही हो पाता और टीम को सिर्फ आठ गेंद और खेलने को मिलती जिससे संभवतः उसकी स्थिति काफी कमजोर होती। दूसरी तरफ अपने शुरुआती दो मैच जीतने वाली पंजाब की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। मैच को नाइट राइडर्स की पारी में 3.4 ओवर के खेल के बाद हल्की बूंदाबांदी के कारण रोका गया जो बाद में बारिश तेज होने के कारण दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

### एमआई के सामने आज होगी आरआर की मुश्किल चुनौती

*गुवाहाटी (एजेंसी)। पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।*

## एशिया चैंपियनशिप

# लक्ष्य सेन और सिंधु पर दारोमदार सात्विक-चिराग ने लिया नाम वापस



एजेंसी ▶▶| निंगबो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

### सात्विक को दर्द, नहीं खेल पाएंगे : कोच

भारतीय कोच टैन किम हेर ने बताया, ‘सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।’ सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी, जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### सिंधु का पहला मुकाबला लिंग चिंग से

महिला एकल में सिंधु का पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा। उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन का सामना दक्षिण कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से जबकि कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का मुकाबला जापान के काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी से होगा।

## अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

# स्वर्ण के लिए चुनौती पेश करेंगे ललित अमन और सुनील कांस्य की दौड़ में

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता ललित ने किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में सोमवार को पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में चीन के हुओयिंग शी को हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। तेइस वर्षीय ललित ने सेमीफाइनल में हुओयिंग शी को 11-3 से हराया। प्रतियोगिता के पहले दिन हालांकि भारतीय टीम के लिए नतीजे मिश्रित रहे जब अमन (77 किग्रा, ग्रीको रोमन) और पूर्व चैंपियन सुनील कुमार (87 किग्रा, ग्रीको रोमन) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए। ये दोनों मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे। ललित फाइनल में 2025 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव से भिड़ेंगे। बोतिरोव ने दूसरे सेमीफाइनल में उलान उलू को 5-3 से हराया था। अमन को 77 किग्रा ग्रीको रोमन सेमीफाइनल में ईरान के अली ओस्कू ने 13-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में चीन के हलीशान बाहेजियांग के खिलाफ 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-4 से जीत दर्ज करने वाला यह भारतीय पहलवान अब कांस्य पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येओनघुन नोह का सामना करेगा। वर्ष 2020 के एशियाई चैंपियन सुनील कुमार इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना चौथा पदक जीतने की कोशिश करेंगे लेकिन यह स्वर्ण पदक नहीं होगा। वह 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में ईरान के गुलामरेजा फारोखिसेनजानी के खिलाफ 0-8 से हार गए। दूसरी तरफ 65 किग्रा ग्रीको रोमन भार वर्ग में सनी कुमार क्वालीफिकेशन दौर में कजाखस्तान के सैफुल्ला कुरमान के खिलाफ हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# हरियाणा की प्रीति,प्रिया व राजस्थान की अरुंधति चौधरी फाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**बेटियों का शानदार प्रदर्शन, 10 पदक पक्के**

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी सोमवार को उलानबटार में अपने-अपने फाइनल में पहुंच गईं। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। प्रीति ने 54 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को 5-0 रौंदा। भारतीय मुक्केबाज ने तीनों राउंड में सटीक नियंत्रण और संयम दिखाते हुए फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में उनका मुकाबला कई बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा। 60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने मंगोलिया की नामुन मोनखोर पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब उनका मुकाबला खिताबी मुकाबले में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वोन से होगा। अरुंधति चौधरी ने 70 किलोग्राम वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा पर 4-1 से जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से होगा। अंकुशिता बोरो 65 किलोग्राम वर्ग में चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन से 0-3 से हार गईं। बिजली गुल होने के कारण मुकाबले में बाधा आने के बाद अंकों के आधार पर फैसला किया गया। निकहत जरीन को 51 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की ओलंपिक चैंपियन वू यू के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी भी अपने-अपने वर्गों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



प्रीति



प्रिया



अरुंधति


## वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

# 1987 के बाद एफए कप के सेमीफाइनल में लीड्स

एजेंसी ▶▶| लंदन


लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रुइक ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।



### इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया, मार्टिनेज ने दागे दो गोल

**मिलान।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने दूसरे और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा हाकान चालहानोग्लू, मार्कस थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।






## राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक रक्षा विज्ञान में पीएचडी करने वाले खादेमी मौत से मध्यस्थता की कोशिशों को लगेगा झटका

# ईरान को लगा बड़ा झटकाः इजराइल-अमेरिका हमले में आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी की मौत


माजिद खादेमी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और इजराइल की ओर से जारी हमलों में ईरान को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के सबसे शक्तिशाली और विशिष्ट सैन्य बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी के मौत हो गई। ईरान की सरकारी मीडिया ने सोमवार को पुष्टि करते हुए बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया संगठन के प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया गया कि तड़के सुबह एक हमले में माजिद खादेमी को मार दिया गया। आईआरजीसी ने उनकी मृत्यु की पुष्टि करते हुए इसे आपराधिक आतंकवादी हमले का नतीजा कहा। आईआरजीसी ने माजिद खादेमी की हत्या के लिए अमेरिकी-यहूदी शासन के दुश्मन को जिम्मेदार ठहराया।

हालांकि, हमले की सटीक जगह का तुरंत पता नहीं चला सका था। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार की सुबह तेहरान और उसके आसपास के क्षेत्रों में इजराइल-अमेरिका ने संपत्तियों को लक्षित करने वाले भारी हवाई हमलों को अंजाम दिया था। ब्रिगेडियर जनरल माजिद खादेमी ईरान के सबसे शक्तिशाली सुरक्षा अधिकारियों में से एक थे। जून 2022 में, उन्हें आईआरजीसी के खुफिया संरक्षण संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था। 2025 तक उन्होंने मोहम्मद काजेमी की जगह आईआरजीसी खुफिया संगठन के प्रमुख का पद संभाला था, जिनकी पहले के संघर्षों में मृत्यु हो गई थी।

*राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीति बनाने में माहिर थे खादेमी*


*अमेरिका से निपटने के लिए बेहतर विकल्प दिए थे*

*अमेरिका लंबे समय से कर रहा था प्लानिंग वही किया*

### जंग की भेंट चढ़े ईरान के कर्ता-धर्ता

- प्रमुख लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ करीब 40 वरिष्ठ सैन्य कमांडर भी मारे गए
- सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव और पूर्व संसद अध्यक्ष,अली लारीजानी
- खामेनेई के शीर्ष सलाहकार और सुरक्षा नीति के विशेषज्ञ,अली शमखानी
- आईआरजीसी के ग्राउंड फोर्स के कमांडर मेजर जनरल, मोहम्मद पाकपुर
- ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, मेजर जनरल अब्दुलरहीम मौसवी
- ईरान के रक्षा मंत्री,ब्रिगेडियर जनरल अजीज नासिरजादेह
- आईआरजीसी नौसेना के प्रमुख, रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी
- आईआरजीसी नौसेना के खुफिया प्रमुख, बेहनाम रजाई
- ईरान के खुफिया मंत्री, इस्माइल खतीब
- बासिज अर्धसैनिक बल के कमांडर, गुलामरेजा सुलेमानी
- आईआरजीसी के प्रवक्ता,अली-मोहम्मद नईनी

### ईरान ने आईएईए से कहा- आपकी चुप्पी हमलावरों को दे रही बढ़ावा, रेडिएशन लीक की दी चेतावनी


बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट

*ईरान ने यूएन की परमाणु निगरानी एजेंसी पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। साथ ही रेडिएशन लीक की चेतावनी दी है। ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने इस पूरे मामले पर आईएईए निदेशक रफेल ग्रॉसी को खत लिखा है। जिसमें ईरान के एकमात्र चालू संयंत्र को चार बार निशाना बनाने की निंदा की। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि एजेंसी की निष्क्रियता के कारण उसके न्यूक्लियर प्लांट्स पर हमले बढ़ रहे हैं। इस्लामी ने इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी चुप्पी हमलावरों को बढ़ावा दे रही है। उसके बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट को अब तक चार बार निशाना बनाया जा चुका है। शनिवार को इसके आस-पास हुए सबसे हालिया हमले में सुरक्षा स्टाफ का एक सदस्य मारा गया और अन्य घायल हो गया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे हमलों से रेडियोधर्मी पदार्थ के रिसाव का खतरा बढ़ता है, जिससे इंसानों, पर्यावरण और पड़ोसी देशों को गंभीर नुकसान भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसी क्षति हो सकती है जिसकी भरपाई मुश्किल होगी। इस्लामी ने यह भी स्पष्ट किया कि विचाराधीन सैन्य अभियान जिनेवा कन्वेंशन और उससे जुड़े प्रोटोकॉल, आईएईए के विधान, एनपीटी (परमाणु अप्रसार संधि), ईरान के व्यापक सुरक्षा समझौते (आईएनएफसीआईआरसी/214), और आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा पारित प्रस्तावों और एजेंसी के सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हैं। ईरान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए कहा कि केवल चिंता जताना काफी नहीं है, बल्कि एजेंसी को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।*

**सोमवार को हमला**

## ईरान, इजराइल में हमलों की लगी होड़


लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में इजराइली हवाई हमलों से हुआ धुआं-धुआं

**ईरान पर हवाई हमलेः** तेहरान और उसके आसपास के इलाकों (जैसे इस्लामशहर) में भीषण हवाई हमले हुए हैं, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत की खबर है। इजराइली सेना (आइडीएफ) ने दावा किया है कि उन्होंने आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख मजीद खादेमी को मार गिराया है। वहीं इजराइल ने लेबनान के बेरूत पर हमला कर धुआं-धुआं कर दिया।

**ईरान का पलटवारः** जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल के विभिन्न शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। अबू धाबी में ईरानी मिसाइलों को बीच में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि इजरायल के तेल अवीव और हाइफा जैसे शहरों में कुछ लोग घायल हुए हैं।

## फारस की खाड़ी से तिरंगा लहराते भारतीय जहाज ग्रीन आशा सुरक्षित निकला, अब जग विक्रम ही फंसा, सान्वी आज पहुंचेगा!

*ग्रीन सान्वी 46,655 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के भरूच पहुंचेगा*

अमेरिका-ईरान में जारी जंग के बीच लिक्विफॉयड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) को लेकर आ रहा भारतीय झंडे वाला जहाज ग्रीन आशा ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया है। यह जहाज होर्मुज में फंसा हुआ था। अब भारत का केवल जग विक्रम ही होर्मुज में फंसा हुआ है। ग्रीन आशा जहाज को अब भारतीय नौसेना के निर्देशों के मुताबिक भारत की ओर रास्ता तय करना है। रिपोर्टों के अनुसार, ग्रीन सान्वी 46,655 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के भरूच जिले में 7 अप्रैल को दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने वाला है। उसी वक्त एलपीजी कैरियर बी डब्ल्यू टीवायआर मुंबई में खड़ा है, जहां सान्वी से माल उतारा जाएगा। वहीं, एक और पोत बी डब्ल्यू ईएलएम को 4 अप्रैल को ही चेन्नई में एन्नौर की ओर मोड़ दिया गया था। यह गतिविधियां तब और बढ़ गई थीं, जब 47,612 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर जग वसंत कोलकाता पहुंचा था।

### कहां और कितने भारतीय जहाज फंसे हैं?



जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार, 16 भारतीय पोत फारस की खाड़ी में हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में हैं। वहीं, चार जहाज ओमान की खाड़ी में हैं। इसके अलावा, एक जहाज अदन की खाड़ी में है। वहीं, 2 जहाज लाल सागर में हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद जहाजों में से 5 जहाज मूवमेंट कर रहे हैं। वहीं, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 5 जहाज हैं।

### भारत सरकार ईरान के संपर्क में

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत सरकार लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकासी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर खुद बातचीत कर रहे हैं। वहीं, होर्मुज के बाद से भारत जाने वाले जहाजों को भारतीय नौसेना लगातार निगरानी और सुरक्षा दे रही है।

## अब अमोनिया का संकट, 7200 वाला सिलेंडर 15 हजार में



अमेरिका-इजराइल, ईरान युद्ध का असर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब कोल्ड स्टोरेज उद्योग और कृषि अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। अमोनिया गैस की कीमत दोगुनी होने के चलते अलीगढ़ से लेकर वाराणसी तक प्रदेश के करीब 2500 कोल्ड स्टोरेज संचालन प्रभावित हो रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर आलू उत्पादन वाले जिलों पर पड़ने की आशंका है। यूपी के आगरा में संचालित 327 शीतगृह में पूरे सीजन में औसतन 1.5 से दो टन अमोनिया गैस की खपत होती है। आगरा कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के अध्यक्ष भुवेश अग्रवाल ने बताया कि 20 मार्च के आसपास डीलर्स के पास अमोनिया की दिक्कत थी। उस समय भाव 300 से 350 के करीब पहुंच गया था लेकिन अब अमोनिया की कोई कमी नहीं हैं। हालांकि सामान्य दिनों के 60 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव के मुकाबले 100 से 130 रुपये प्रति किलो के भाव अमोनिया मिल रही है।

**ईरानी विदेश मंत्री से जयशंकर की बात**

## 1777 लोग आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचेःजायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, इजरायल के साथ पिछले एक महीने से अधिक वक्त से युद्ध लड़ रहे ईरान का रुख भारत के प्रति फिलहाल सकारात्मक बना हुआ है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच जारी बातचीत के क्रम में बीते रविवार को हुआ संवाद भी शामिल हो गया है। जिसमें पश्चिम-एशिया के मौजूदा हालात पर चर्चा की गई है। इन सबके बीच ईरान से सड़क मार्ग से सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचने वाले भारतीयों की कुल संख्या 1 हजार 777 तक पहुंच गई है। जल्द ही इन सभी की स्वदेश वापसी होगी। वहीं, 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक सुरक्षित देश वापस पहुंचने वाले लोगों की कुल संख्या 7 लाख 30 हजार तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालय प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।



**खबर संक्षेप**

### डीआरडीओ को उड़ाने व अपहरण की धमकी



**बंगलूरू।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन से जुड़े दफ्तरों को बम से उड़ाने के कई ईमेल मिले। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। मामला तब और गंभीर हो गया जब ईमेल भेजने वाले ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पोते इनबनिधि स्टालिन के अपहरण की धमकी भी दी।

### डीयू में सीयूईटी रिजल्ट के बाद ही प्रवेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला मई के तीसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है जो सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी 2026 शुरू होने के कुछ समय बाद होगा। अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रवेश प्रक्रिया संचालित करता है।

## खटास को मिठास में बदलने की रणनीति पर कर रहे काम

# गिले-शिकवे हो रहे दूर...बांग्लादेश और नेपाल एक बार फिर भारत को कहने लगे 'हैलो ब्रदर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भले ही पड़ोसी बांग्लादेश,पाकिस्तान के बहकावे में आकर भारत के खिलाफ चलने लगा था लेकिन जैसे ही सरकार बदली और काबिल लोगों के हाथ में सत्ता आई तो पड़ोसी देश का महत्व भी समझ में आने लगा। यही वजह है कि बांग्लादेश और नेपाल मिलकर भारत के साथ बेहतर रिश्ते बनाने में लगे हुए हैं। भारत भी सबकुछ भुलाकर अपने पड़ोसी को गले लगाने से पीछे नहीं हट रहा है। दोनों ही देश भारत को हेलो...ब्रदर कहकर दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं। हाल ही में बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री तारिक रहमान से शिष्टाचार भेंट की। बांग्लादेश के पीएमओ की तरफ से जारी एक रिलीज में कहा गया कि यह मीटिंग बांग्लादेश सचिवालय में प्रधानमंत्री के दफ्तर में हुई। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान भारत और बांग्लादेश के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान और प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर भी इस दौरान मीटिंग में मौजूद थे। वहीं बांग्लादेश में भारत के दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात को लेकर कहा, उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री तारिक रहमान से शिष्टाचार के साथ मुलाकात की।

### ये मुलाकात व्यापार और विकास को देगी पंख


बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान से कई मुद्दों पर चर्चा की

भारतीय दूतावास ने आगे कहा, उच्चायुक्त ने आपसी हित और आपसी फायदे के आधार पर एक सकारात्मक, रचनात्मक और आगे की सोच वाला नजरिया अपनाकर बांग्लादेश सरकार और लोगों के साथ मिलकर काम करने के भारत के इरादे से अवगत कराया। इससे पहले ईद के मौके पर उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने पीएम तारिक रहमान से मुलाकात की थी। बाद में बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग ने जानकारी देते हुए एक्स पर कहा, उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने ढाका में प्रधानमंत्री महामहिम तारिक रहमान के साथ गर्मजोशी से ईद की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

> भारत-बांग्लादेश विकास के साथ जुड़े कई क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे

> नेपाल और भारत के सदियों पुराने संबंधों को और मजबूत बनाने पर दे रहा जोर

### ऊर्जा व्यापार और लंबित परियोजनाओं के विषय में हुई बातचीत

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार मुलाकात की। सिंहदरबार स्थित विदेश मंत्रालय में हुई इस भेंट के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की ओर से मंत्री खनाल को बधाई और शुभकामना संदेश सौंपा। नई सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से उच्च स्तर पर यह एक महत्वपूर्ण मुलाकात मानी जा रही है।



## 56 साल पुराने अपोलो-13 के रिकॉर्ड को तोड़ा

# चांद के और करीब पहुंचा नासा का आर्टेमिस-2



**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा की ओर उड़ान के दौरान पृथ्वी से सबसे दूर तक जाने वाले मानव बनने का सोमवार को रिकॉर्ड बना दिया। यह मिशन चांद के दूरस्थ पक्ष के अद्भुत दृश्य पेश करता है, जिन्हें कभी भी पहले नहीं देखा गया। छह घंटे की यह उड़ान अपोलो युग के बाद चंद्रमा पर जाने के नासा मिशन का मुख्य आकर्षण है। उड़ान में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। यह मात्र दो वर्षों में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास पदचिह्न छोड़ने की दिशा में एक कदम है। आर्टेमिस-2 के कमांडर रीड वाइजमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और हैनसेन चंद्रमा के पास से घूमकर सीधे पृथ्वी पर लौटेंगे। वे अपोलो-13 के 1970 के दूरी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए पृथ्वी से सबसे दूर जाने वाले मानव बन गए हैं। उड़ान के अंत में 10 अप्रैल को पृथ्वी के वायुमंडल में वापसी के दौरान वे सबसे तेज गति से लौटने वाले इंसान भी बन सकते हैं।

## मानवरहित हवाई सिस्टम, लाइटरिंग म्यूनिशन को लेकर सेना ने जारी किया रोडमैप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध और बीते चार साल से अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे तनावपूर्ण वैश्विक हालात के बीच सोमवार को भारतीय सेना ने राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में मानवरहित हवाई सिस्टम (यूएएस) और लाइटरिंग म्यूनिशन जैसे दो क्षेत्रों को लेकर एक तकनीकी रोडमैप जारी किया है। जो विभिन्न प्रकार के विवादों में खासतौर पर तेजी से बदलते हुए युद्धकौशल को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28